हादसा | जांच में जुटी पुलिस, हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और अफरा-तफरी का माहौल

# दो बाइकों की भिड़ंत में पिता-पुत्र की मौत

**नवभारत,दमोह.** जिले के पथरिया थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई.जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.घायलों को प्राथमिक उपचार ड्यूटी रत डॉक्टर आरिफ खान ने कर जबलपुर रेफर किया गया है.पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नौरू मारा गांव के पास मंगलवार रात दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल से जबलपुर रेफर किया गया है.हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और अफरा-तफरी का माहौल बन गया.जानकारी के अनुसार सूखा गांव निवासी रामकुमार पटेल (40) और खेजरा निवासी गणेश पटेल



(35) मोटरसाइकिल से पथरिया से दमोह की ओर आ रहे थे. वहीं शाहपुर सोनकिया निवासी मनोज कुर्मी (29) अपने चार वर्षीय पुत्र वेद कुर्मी के साथ लौट रहे थे. बताया जा रहा है कि मनोज अपनी पत्नी और बेटी को जोरतला छोड़कर वापस शाहपुर सोनकिया जा रहे थे.इसी दौरान नौरू मारा के पास दोनों मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई.टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइकों के परखच्चे उड़ गए. हादसे के बाद मौके पर वहां से निकल रहे प्रधान आरक्षक संतोष खरे और उनके पुत्र ने तत्काल पुलिस व 108 एम्बुलेंस को सूचना दी गई तथा जिला अस्पताल भेजा।घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मनोज कुर्मी को मृत घोषित कर दिया.

वहीं रामकुमार पटेल, गोविंद पटेल तथा मासूम वेद कुर्मी की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया.मृतक की पत्नी ने बताया कि मनोज परिवार को छोड़कर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया.घटना की सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है.वही जबलपुररेफर में मनोज के पुत्र वेद की भी मौत होने की खबर सामने आई।



## जैविक खेती अपनाकर आत्मनिर्भर बने किसान भूरा नई तकनीक से बढ़ी आमदनी

**नवभारत,दमोह.** आधुनिकता के इस दौर में जहां रासायनिक खादों के अंधाधुंध प्रयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति घट रही है, वहीं दमोह जिले के जबेरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कॉंटी के मूलनिवासी किसान भूरा पटैल ने जैविक खेती अपनाकर क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है। उन्नत तकनीकों का सहारा लेकर वे आज बड़े स्तर पर सब्जी उत्पादन कर रोजाना अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं।किसान भूरा पटैल की इस सफलता के पीछे मानव जीवन विकास समिति संस्था का विशेष योगदान रहा है। संस्था के सचिव निर्भय सिंह के मार्गदर्शन और समर्पित कार्यकर्ता हरि बाई के निरंतर सहयोग से प्रेरित होकर उन्होंने जैविक खेती की शुरुआत की। संस्था द्वारा मिले तकनीकी प्रशिक्षण और सहयोग के बाद उन्होंने अपने खेतों में उन्नत किस्म के भटा (बैंगन), टमाटर और लौकी के पौधे लगाए।

# मोहर्रम पर्व को सौहार्द,शांति एवं भाईचारे के साथ मनायें

शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**नवभारत,दमोह.** आगामी मोहर्रम पर्व व ताजिया जुलूस के शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.आगामी मोहर्रम पर्व व ताजिया जुलूस के शांतिपूर्ण,सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.बैठक पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन व मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं,ताजिया कमेटियों के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों व मुस्लिम समाज के वरिष्ठजनों ने सहभागिता कर अपने सुझाव व विचार साझा किए.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) ने बैठक में उपस्थित नागरिकों व ताजिया समितियों के प्रतिनिधियों से मोहर्रम पर्व के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन का सहयोग करने की अपील की. उन्होंने कहा कि जिले में सभी धार्मिक पर्व व आयोजन परंपरागत रूप से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होते रहे हैं तथा इसी परंपरा को बनाए रखते हुए आगामी मोहर्रम पर्व को भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है.इस दौरान विशेष रूप से सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार सहित पुलिस अधिकारी गण मौजूद रहे.उन्होंने उपस्थितजनों से अपील की कि मोहर्रम पर्व को पारंपरिक गरिमा, अनुशासन व आपसी सहयोग के साथ मनाते हुए शांति एवं सद्भाव का संदेश समाज तक पहुंचाएं.साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया.बैठक में ताजिया जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई.उपस्थित नागरिकों व समिति सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया.बैठक में दमोह के वरिष्ठ नागरिक, समाजसेवी रहें.

## ऑपरेशन क्लीन के तहत कोतवाली पुलिस की कार्रवाई शराब पीकर वाहन चलाने वाले दो गिरफ्तार

9 वाहनों से 3300 रुपये समन शुल्क वसूला

**नवभारत, दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के आदेश पर जिले में अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ऑपरेशन क्लीन चलाया जा रहा है। एसपी के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में 16 जून 2026 को कोतवाली पुलिस द्वारा वाहन चौकिंग की गई।चौकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले विजय पिता हीरालाल पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी कछ्याना मोहल्ला नया बाजार नं. 05 दमोह व एजाज पिता साकिर खान उम्र 32 वर्ष निवासी पुराना बाजार नं. 02दमोह के विरुद्ध क्रमशः शु.नं.



12/2026 एवं 13/2026 धारा 185, 130(3)/177 एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई कर वाहन जप्त किए गए। इसके अलावा अन्य वाहन चालकों द्वारा नियमानुसार वाहन नहीं चलाते पाए जाने पर 09 चालान में 3300 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऑपरेशन क्लीन के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई में विशेष रूपसे सउनि ऊषा साहू, प्रआर पंकज अहिरवार, प्र. आर मनोज सिंह, आर. रानू राय, कृष्णकुमार लोधी , भूपेन्द्र पाण्डेय, कमल गुर्जर का योगदान रहा।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर करणी सेना ने निकाली बाइक रैली

प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया

**नवभारत,दमोह.** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर करणी सेना परिवार जिला दमोह टीम जीवन सिंह शेरपुर द्वारा भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस अवसर पर विशाल बाइक रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे नगर में राष्ट्रभक्ति व वीरता का संदेश दिया.रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली, जहां जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. हाथों में भगवा ध्वज लिए युवाओं



ने जय महाराणा प्रताप व जय मां करणी के जयघोष के साथ वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया.

इसके पश्चात मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया जिसमें मुख्यअतिथि योगेंद्र सिंह ठाकुर विशिष्ट अतिथि मोनू पाठक, मनु मिश्रा, दीपक चौहान जबलपुर (जिला अध्यक्ष) रहें.कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई.इस पहल का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना व समाज में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना रहा. इस आयोजन में नितिन सिंह तोमर कार्यक्रम संयोजक व जिला अध्यक्ष दमोह, निहाल राजपूत सागर संभाग महामंत्री, कपिल राजपूत, दिग्विजय राजपूत, सागर राजपूत, देवेंद्र राजपूत, मोनू बना विक्की बना, संतोष तोमर आकाश राजपूत भागीरथ,केशव बना, प्रकाश राजपूत, सर्व समाज की गरिमामयी उपस्थिति रही,जिसमें विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए.कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति, शिक्षा और समाज सेवा का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित किया गया.करणी सेना परिवार दमोह टीम जीवन सिंह शेरपुर की ओर से सभी सहयोगियों, अतिथियों व उपस्थित जनसमुदाय का हृदय से आभार व्यक्त किया गया.

## भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा मनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती

**नवभारत,दमोह।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज के दिशा निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन के बैनर तले 15वीं शताब्दी के महानायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आपको बता दें सबसे पहले जबलपुर नाका स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के पास भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा माता आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा की दिव्यता की आरती संपन्न हुई जिसमें सैकड़ो लोगों ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित किया एवं माल्याअर्पण किया गया.



जिसमें समाज के लोगों की बड़ी उपस्थिति रही भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने समाज को एकता का संदेश देते हुए कहा कि देश के वीर सपूतों की जयंती मां जगत जननी जगदंबा की दिव्यता की आरती के साथ माननी चाहिए ना की वीर पुरुषों को एक विशेष समाज से जोड़कर उनकी जयंती को नहीं मानना चाहिए क्योंकि जितने भी महापुरुष हुए हैं उन्होंने धर्म राष्ट्र मानवता सेवा के लिए काम किया है सभी वर्गों को सभी वीर सपूतों की जयंती को बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाना चाहिए .

## 7 विभाग के अधिकारियों को मासिक ग्रेडिंग अच्छी नहीं होने के आरोप में कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**नवभारत,दमोह.** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले के विभिन्न विभागों में सीएम हेल्पलाईन की जिले में मासिक ग्रेडिंग अच्छी नहीं होने के आरोप में 07 विभागों के अधिकारियों यथा सहायक यंत्री सोलर पंप (नवीन एवं नवकरणीय उर्जा विभाग) कमलेश गेहलोत, कनष्ठि अभियंता उर्जा विभाग प्रदीप पटेल,नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी, रीजनल मैनेजर एचडीएफसी बैंक आशीष सिंह,आरएसएम आईसीआईसीआई बैंक राहुल शर्मा,मंडल प्रमुख पंजाब नेशनल बैंक प्रबुद्ध शर्मा, डिप्टी जोनल हेड यूनियन बैंक मुकेश भारती शर्मा शामिल है।जारी कारण बताओ सूचना पत्र में कहा गया है, समस्त शिकायतो को निर्धारित समय सीमा में अटेण्ड करते हुए निराकरण प्रतिवेदन दर्ज किया जाये।संबंधितों द्वारा शिकायतों के निराकरण में की जा रही लापरवाही के फलस्वरूप शिकायते अनिराकृत रहकर उच्च स्तर तक पहुॅचने से जिले की ग्रेडिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, संबंधितों का उपरोक्त कृत्य सी.एम. हेल्पाईन के प्रति उदासीनता एवं आपकी स्वेच्छाचारिता को स्पष्ट रूप से व्यक्त करता है।कलेक्टर श्री यादव ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुये कहा है कारण बताए कि क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाये। इस विषय में अपना उत्तर 03 दिवस में प्रस्तुत किया जाये, अन्यथा की दशा मे आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।



## जनसुनवाई में सुनीं फरियाद, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि(आईपीएस) द्वारा मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय दमोह में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों व समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर एसपी द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को आवश्यक जांच कर त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शिकायतकर्ताओं को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निराकरण पुलिस की प्राथमिकता है।

## राज्यमंत्री परमधाम आश्रम के 61वें वार्षिक महोत्सव में शामिल हुए

**नवभारत, दमोह.** प्रदेश के पशुपालन और डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल पोंडी फतेहपुर में परमधाम आश्रम के 61 वे वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।मंदिर परिसर में श्री प्राणनाथ जी का अखण्ड पाठ आयोजन किया गया जिसमें प्रणामी सम्प्रदाय से जुड़े लोग और श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। इस दौरान आयोजक मंडल ने राज्यमंत्री लखन पटेल का स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने यहाँ सामुदायिक भवन और टीन शेड की मांग रखी जिसपर राज्यमंत्री लखन पटेल ने मंच से घोषणा कर जल्द कार्य का आश्वासन दिया और कहा कि 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन और 05 लाख की लागत से टीन शेड निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा सरकार क्षेत्र को विकसित करने के लिए हर संभव कार्य करेगी राज्यमंत्री लखन पटेल



ने बताया कि 331 वे जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल हुआ। उन्होंने कहा लोगो ने निर्माण कार्यों की मांग रखी जिसकी घोषणा की गई हैं, हम लोगों ने संकल्प लिया है कि आगे चलकर और भी विस्तारीकरण के कार्य यहां कराएंगे ताकि आने वाले समय में यह एक अच्छा स्थल बन जाएगा।

## पूर्व मंडल अध्यक्ष के निवास पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की

**नवभारत,दमोह.** मध्य प्रदेश सरकार में पशुपालन व डेयरी उद्योग राज्य मंत्री लखन पटेल बुधवार शाम हटा ब्लॉक के मडियादो के पहुंचे यहां पूर्व मंडल अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ रामगोपाल सोनी के निवास पर पहुंच कर उनकी दिवंगत पत्नी श्रीमती विद्या सोनी के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की और श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य मंत्री लखन पटेल ने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की.



## कोतवाली पुलिस ने डेढ़ साल से फरार 2500 रुपये के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

एनडीपीएस एक्ट के मामले में चल रहा था फरार न्यायालय में पेशी

**नवभारत, दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को फरार आरोपियों की धरपकड़ व गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में दमोह कोतवाली पुलिस ने 16 जून 2026 को बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने धारा 193(9) बीएनएसएस के तहत लंबित अपराध क्र. 872/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में डेढ़ वर्ष से फरार 2500



रुपये के इनामी आरोपी कलू सिंह लोधी निवासी राजा पटना थाना तेजगढ़ जिला दमोह को गिरफ्तार किया। आरोपी को 17 जून 2026 को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार,सउनि रघुराज सिंह,प्रआर महेश यादव,प्र.आर. कलीम, आर. ब्रजेन्द्र मिश्रा, आकाश पाठक का योगदान रहा।

## एक नजर में



### आदर्श प्रजापति समाज का सम्मान समारोह आयोजित

नवभारत,दमोह। आदर्श प्रजापति समाज का सम्मान समारोह राजेंद्र बर्दिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।जिसमें नव निवाचित आदर्श प्रजापति समाज की महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती मनीषा प्रजापति/वैद्य एच. एल प्रजापति व युवा जिला अध्यक्ष कार्तिक बर्दिया का आदर्श प्रजापति समाज की ओर से दोनों अध्यक्षों व कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



### जनसुनवाई में 313 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना।इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 313 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।जनसुनवाई में 10 आधार अपडेशन व 220 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम सौरभ गंधर्व, डिप्टी कलेक्टर आर.एल बागरी, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### पल्स पोलियो अभियान बीटीएफ की अंतरविभागीय बैठक

**नवभारत,दमोह.** आगामी राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस (एनआईडी) पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तेन्दूखेड़ा की ब्लॉक टास्क फोर्स (बीटीएफ) की महत्वपूर्ण अंतरविभागीय बैठक मंगलवार, 16 जून 2026 को एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम द्वारा की गई।बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि अभियान के दौरान क्षेत्र का कोई भी बच्चा पोलियो रोधी दवा पीने से वंचित नहीं रहना चाहिए।

सम्मान | एसपी,डीएफओ और समाज के वरिष्ठ जनों ने 22 छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

# असाटी समाज द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित





**नवभारत,दमोह.** नवयुवक मंडल असाटी समाज दमोह द्वारा मेधावी छात्र- छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह मंगलवार को शहर के असाटी वार्ड-1 स्थित संस्कार भवन में आयोजित किया गया.समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ.मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस), वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांडे, सीएसपी एच.आर.पांडे,टीआई कोतवाली मनीष कुमार, सेवानिवृत शिक्षक पीतांबर असाटी, श्रीमति निशा राजेश असाटी, शिक्षिका श्रीमति विद्या दिनेश असाटी तहसी लदार, समाजसेवी भगवान दास असाटी, विद्युत विभाग सेवानिवृत केएल असाटी और समाज अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी मंच पर उपस्थित रहे.दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत नवीका असाटी और संस्कृति असाटी ने श्री गणेश भगवान की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभा का मन मोह लिया. इसके उपरांत अतिथियों का सम्मान किया गया.सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह, उपहार, पुष्पगुच्छ देकर व शाल-श्रीफल से वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया.सम्मान समारोह की बेला में कक्षा 10वीं और 12वीं एमपी बोर्ड व सीबीएसई के करीब 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 22 छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि और डीएफओ ईश्वर जरांडे ने एक-एक कर मंच पर बुलाकर सम्मानित किया.सभी को शील्ड, उपहार और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) ने उद्बोधन में बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा - आप सभी इसी तरह आगे बढ़ते रहो और मेरे जैसा मुकाम हासिल कर मंच पर बैठो. मेरी ओर से आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं.वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे ने अपने वक्तव्य में बच्चों और समाजजनों को करियर व जीवन की जरूरी टिप्स दिए. उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए बच्चे उनके कार्यालय आ सकते हैं.उन्होंने सभी को खूब आगे बढ़ने की प्रेरणा दी.कार्यक्रम का सफल मंच संचालन करने वाली सुश्री शिवानी असाटी की विशेष सराहना की गई.साथ ही समारोह की व्यवस्थाओं में लगे सभी स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की गई. समाज भवन के जीर्णोद्धार और सामाजिक गतिविधियों में सहयोग देने वाले वरिष्ठजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई.कार्यक्रम के अंत में युवा अध्यक्ष विनय असाटी ने समाज के वरिष्ठजनों, शिक्षकों, महिला समिति, महासभा पदाधिकारियों, पत्रकार बंधुओं और युवा टीम के सभी सदस्यों का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया. उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग, मार्गदर्शन और सकारात्मक रवैये से ही कार्यक्रम सफल हो पाया है.कहा कि समाज के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

### यह सम्मानित हुए छात्र-छात्राएं

पुलिस अधीक्षक और डीएफओ सहित वरिष्ठ समाज जनों से सम्मानित हुए कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं में हर्ष देवी प्रसाद असाटी, अलीशा आनंद असाटी, परी मनीष नायक, प्रगति सुदामा असाटी, सक्षम जितेंद्र असाटी, कृष्ण कुमार खेमचंद असाटी,दीपांश प्रेमचंद असाटी, मुस्कान सुरेंद्र असाटी,अर्पिता दिनेश असाटी, हरिओम अजीत चौधरी निर्माण, समृद्धि अरविंद असाटी,आराध्य अजय असाटी, परी खेमचंद असाटी, विनायक उत्तम असाटी, छाया छोटेलाल असाटी, सपना देवी प्रसाद असाटी, राधिका दिनेश असाटी, यश शाह अभिषेक असाटी,श्रेयांशी मनीष असाटी,देव असाटी इमलाई, कोहिल असाटी,अनुष्का असाटी का सम्मान किया गया और सभी ने तालियां बजाकर बधाई,शुभकामनाएं दी।

## हिनौताकला के प्रतिष्ठित व्यापारी बलराम असाटी सहित प्रबुद्धजन से भेंट कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की



**नवभारत,हटा/दमोह।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल व जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी दमोह जिले की चारों विधानसभाओ के प्रत्येक मंडलों में पहुंचकर निरंतर जनसंपर्क कर रहे हैं. इसी क्रम में आज हटा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में जनसंपर्क कर प्रबुद्धजनों व समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों से संवाद किया.भाजपा मंडल हिंडोरिया के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह लोधी के साथ वरिष्ठ समाजसेवी मनोहर साहू व सेवानिवृत्त शिक्षक धनीराम चौरसिया से भेंट कर संवाद किया गया.भाजपा मंडल कुम्हारी के अध्यक्ष राजेंद्र यादव के साथ वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ.जी.पी. गुप्ता व सेवानिवृत्त शिक्षक फूल सिंह यादव से मुलाकात कर जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई.भाजपा मंडल पटेरा के अध्यक्ष बलवंत सिंह लोधी के साथ सेवानिवृत्त शिक्षक प्रकाशचंद गुप्ता जी तथा वरिष्ठ समाजसेवी कोमलचंद जैन से संवाद स्थापित किया गया.भाजपा मंडल हटा नगर के अध्यक्ष सौरभ विजयनंदन जी के साथ राष्ट्रपति व राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक माधव पटेल, शिक्षक व युवा साहित्यकार अजीत अवस्थी तथा चिकित्सक डॉ. विराजमोहन पांडे से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया.भाजपा मंडल हटा ग्रामीण के अध्यक्ष गोपाल पटेल के साथ ग्राम सकोर के सेवानिवृत्त शिक्षक मूलचंद गोस्वामी, सेवानिवृत्त सैनिक शिवनाथ अहिरवार तथा ग्राम हिनौता के प्रतिष्ठित व्यापारी बलराम असाटी से भेंट कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की गई.भाजपा मंडल मडियादो के अध्यक्ष कमलेश चौधहा जी के साथ ग्राम उदयपुरा के प्रसिद्ध कथावाचक पं.गिरधारीशरण जी महाराज व ग्राम मडियादो के वरिष्ठ कपड़ा व्यापारी कन्हैयालाल अग्रवाल से सौजन्य भेंट कर संवाद किया गया.इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी जी ने हटा स्थित गौरीशंकर मंदिर परिसर के समीप आयोजित कार्यक्रम तथा जन कल्याण शिविर में भी सहभागिता की.